RAF SECTOR

NEWS CLIP

20/04/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Khabar mantra, Dumka ,(JKD)

पंचायत चुनाव को ले संवेदनशील इलाकों में आरएएफ का फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर रैपिड एक्शन फोर्स (आरएफ) एवं जिला पुलिस बल के संयुक्त नेतृत्व में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ सदर मो नूर मुस्ताफा ने किया। फ्लैग मार्च नगर थाना परिसर से निकल कर शहर के टीन बाजार होते हुए पंचायत क्षेत्र दुधानी, रसिकपुर होते हुए वापस थाना परिसर पहुंची। इस अवसर पर जमशेदपुर आएफ 106 बटालियन के असिस्टेंड कमांडेंट अनुप सिंह ने बताया कि पूर्वाभ्यास होता है। जो आएफ का कार्य क्षेत्र है। संवेदनशील जिले में एक सप्ताह तक परिचायत्मक अभ्यास होता है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन से मिलकर संवेदनशील इलाकों में उपस्थिति दर्ज कराते है। स्कूलों एवं अन्य संस्थानों एवं जिलों में आएएफ के छवि से अवगत कराते है। आरएफ सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) का अभिन्न अंग है। इसी संदर्भ में दुमका जिला के संवेदशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला जायेगा। फ्लैग मार्च 18 से 25 अप्रैल तक लगातार निकाला जायेगा। इस अवसर पर एसडीपीओ सदर मो नूर मुस्ताफा ने बताया कि आरएफ के बटालियन 24 अप्रैल तक संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकालेगी। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च निकाला जायेगा। जिससे दुमका जैसे शांत इलाका में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण महौल बना रहे।

तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के क्रम में दुमका उपायुक्त रविशंकर शुक्ला पहुंचे गोपीकांदर के 3 बूथों डाक बंगला परिसर में एक और पहाड़िया विद्यालय भवन गोपीकांदर का निरीक्षण के दौरान गोपीकांदर अनुसुचित जनजाति पहाड़िया आवासीय उच्च विद्यालय के सभी शिक्षकों से विद्यालय की पढ़ाई से लेकर रसोई की खाने तक की व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त महोदय ने छत्रावास में उपस्थित 201 विद्यालय के छात्रों के साथ फर्श पर बैठकर भोजन भी किया साथ ही साथ छात्रों को संविधान से संबंधित सवाल-जवाब भी किए और छात्रों के जवाब से संतुष्ट दिखे। वहीं विद्यालय से सीधा उपायुक्त महोदय प्रखंड कार्यालय में चल रही पंचायत चुनाव के नामांकन प्रक्रिया की भी जायजा लिया एवं वहां पर नामांकन करने आए अभ्यर्थियों से भी शांतिपूर्वक मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि यह जो पंचायत की सरकार बनाने की प्रक्रिया है इसे में आप सभी मदद करें और जितनी हो सके 14 मई 22 को सस्मय वोट करने मतदान केंद्रों पर अवश्य पहुंचें।

Prabhat khabar, Deoghar ,(JKD)

रैफ की टीम ने मेला क्षेत्र का किया भ्रमण

श्रावणी मेला की तैयारी

संवाददाता, देवघर

बाबानगरी में लगने वाले मास व्यापी श्रावणी मेले की तैयारी शुरू हो गयी है. इस क्रम में मंगलवार को जमशेदपुर से रैफ का एक प्लाटून डीएसपी विश्वदीप कुमार के नेतृत्व में देवघर पहुंचा. रैफ डीएसपी ने एसडीपीओ पवन कुमार से मुलाकात कर आगामी श्रावणी मेले के लिए भीड़ कंट्रोल को लेकर एरिया की रैकी करने के बारे में बताया. उसके बाद प्लाटून में शामिल 60 रैफ के जवान व साथ में आये डीएसपी ने एसडीपीओ के साथ मेला क्षेत्र का भ्रमण किया. इस दौरान पूरे टीम ने रुट लाइनिंग में मुख्य रुप से कुमैठा, बरमसिया, बीएड कॉलेज, शिवगंगा, क्यू कॉम्प्लेक्स से लेकर बाबा मंदिर क्षेत्र को देखा. साथ ही आने वाले कांवरियों व जलार्पण की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली. इस संबंध में

जलार्पण व्यवस्था की ली जानकारी लेते रैफ टीम के जवान.

कि रैफ की टीम जमशेदपुर से देवघर पहुंची है. उन्होंने कहा कि मेल क्षेत्र समेत संदिग्ध जगहों के बारे में भी पूरी जानकारी ले रहे हैं.

वहीं रैफ के डीएसपी विश्वदीप कुमार ने बताया कि कोरोना के कारण बीते दो साल से मेला नहीं लगा है. इस दौरान पूर्व की सभी टीम का तबादला भी हो चुका है. ऐसे में मेला क्षेत्र सहित भीड़ दौरान दो से तीन बार टीम के द्वारा निरीक्षण किया जायेगा, ताकि मेले में आने के बाद जब सभी की ड्यूटी बांटी जायेगी, तो रास्ते व लोकेशन के बारे में पूरी जानकारी हो. साथ ही किसी भी विषम परिस्थिति से निबटने के लिए टीम तुरंत जगह पर पहुंच सके. मौके पर नगर थानेदार रतन कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

106BN RAF FLAG MARCH IN SENSITIVE AREAS REGARDING PANCHAYAT ELECTIONS, (JKD)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।